# पंतनगर को भूलना नामुमकिन है – पूर्व छात्र

पंतनगर। 16 जून 2025। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में आयोजित एलुमनी मीट में वर्ष 1997, 1998, 1999, 2000, 2001 और 2007 बैच के लगभग 40 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय में बिताए पुराने दिनों को फिर से याद करके बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर डा. ए.एस. जीना और डा. अनिल कुमार से मुलाकात की और उन्होंने पूर्व छात्रों को संबोधित किया, जिसमें 4ए (पूर्व छात्रों के लिए बने संगठन) में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय के साथ जुड़े रहने के तरीकों पर चर्चा की। इस आयोजन का उद्देश्य पूर्व छात्रों के साथ संबंधों को मजबूत करना और महाविद्यालय के विकास में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस एलुमनी मीट के सफल आयोजन में पंतनगर से डा. रुचि गंगवार, डा. रेनू पांडेय, डा. अमित केसरवानी, डा. रश्मि तिवारी, डा. उषा पंत, डा. विनीता राठौर एवं पूर्व छात्रों में उत्तम सिंह नेगी, जितेंद्र सकलानी और हिमांशु उप्रेती ने अहम योगदान दिया। सभी पूर्व छात्रों ने कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डा. सुभाष चंद्र एवं कॉलेज प्रबंधन का विशेष आभार भी जताया।